हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री से.
न्यूनतम 16.0 डिग्री से.

10 भगवान शिव के आगमन का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा



10 जींद ने 15 और अंडर 18 दोनों वर्गों में जीता स्वर्ण



खबर संक्षेप

जिला कष्ट निवारण समिति की 30 को

जींद। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिला परिवेदना कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन 30 अक्टूबर को डीआरडीए के सभागार में सायं साढ़े तीन बजे होगी। इस बैठक की अध्यक्षता जिला कष्ट निवारण समिति के चेयरमैन एवं हरियाणा के खेलए युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम करेंगे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक से संबंधित सभी प्रकार की तैयारी कर निश्चित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

मारपीट में तीन महिला घायल, शिकायत दर्ज

जींद। गांव लखमीरवाला में तीन महिलाओं के साथ मारपीट करने पर सदर थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव लखमीरवाला निवासी रेखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी सुनील परिवार से कहासुनी हो गई। जिस पर सुनील परिवार के लोगों ने उन पर हमला कर दिया। जिसमें उसे, उसकी सास तथा दादी सास को चोटें आई। आसपास के लोगों ने उन्हें आरोपितों की चंगुल से छुड़वाया।

ससुराल के लिए निकली महिला लापता, केस दर्ज

जींद। गांव दनौदा कलां मायके से बेटे के साथ ससुराल के निकली महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव दनौदा कलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी अपने दस माह के बेटे के साथ मायके आई हुई थी। गत 21 अक्टूबर को उसकी बेटी अपने बेटे के साथ ससुराल के लिए निकली थी। जिसके बाद दोनों का कोई सुराग नही लगा। उसकी बेटी न तो अपनी सुसराल पहुंची न ही वह घर वापस नही लौटी।

जेब तराशने के आरोपित से ₹ 36 हजार बरामद

जींद। मंडी चौकी उचाना पुलिस ने रैली के दौरान जेब तराश करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित से 36 हजार रुपये की राशि बरामद की है। आरोपित की पहचान गांव कापडो निवासी साहिल के रूप में हुई है। थाना उचाना प्रभारी मोनिका ने बताया कि सफीदों के वार्ड नंबर सात निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह कांग्रेस के कार्यक्रम में आया था। प्रदर्शन के दौरान किसी व्यक्ति ने उसकी जेब से 40 हजार रुपये की राशि निकाल ली।

क्रेडिट कार्ड पर रिवार्ड का झांसा देकर लगाया चूना

जींद। बैंक कर्मी बन क्रेडिट कार्ड पर रिवार्ड करवाने का झांसा देकर एक व्यक्ति को डेढ़ लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रामपुरा निवासी परमानंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने इंडस लैंड बैंक से क्रेडिट कार्ड बनवाया हुआ है। गत 24 अक्टूबर को उसके फोन पर कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक कर्मी बताया था।

दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी, केस दर्ज

कैथल। चीका में कैथल रोड स्थित वीटा बूथ के पास दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में गांव पीडल निवासी गोपाल ने बताया कि 23 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे उसने अपनी बाइक वीटा बूथ के पास खड़ी की थी और दुकान में काम करने लगा। कुछ देर बाद वापस देखा तो बाइक गायब थी। उसने बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बाइक के दस्तावेज भी उसमें रखे हुए थे। एसआई विजय ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रशासन ने त्योहारी सीजन को देखते शहर के अंदर से बसों का संचालन बंद किया

शहर के अंदर से बस न गुजरने से यात्रियों को होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते दीपावली पर्व तक शहर के अंदर से चलने वाली बसों का संचालन बंद कर दिया गया है। ऐसे में गोहाना रोड पर लघु सचिवालय, पुराना बस स्टैंड, एसडी स्कूल, सफीदों गेट, बतख चौक, रुपया चौक व सब्जी मंडी मोड़ से बस पकडने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। यात्रियों को अपने तय स्थान पर जाने के लिए बस स्टैंड पर जाना होगा। आमतौर पर हांसी, हिसार, बरवाला, असंध, करनाल, कैथल लोकल, नरवाना रूट की बस



बस स्टैंड से निकलकर गोहाना रोड से होते हुए लघु सचिवालय, नागरिक अस्पताल, पुराना बस स्टैंड, रानी तालाब, एसडी स्कूल, सफीदों गेट, रुपया चौकए सब्जी मंडी मोड़ से होते हुए पटियाला चौक पर बस जाती हैं। शहर में लघु सचिवालय, पुराना बस स्टैंड, रुपया चौक व पटियाला चौक से काफी संख्या में यात्री इन रूट पर जाने के लिए बस पकड़ते हैं। यहां से उन्हें बस पकड़ने के लिए बस स्टैंड जाने की जरूरत नहीं पड़ती। इस कारण यात्रियों का समय और आटो का किराया बचता है। डिपो में जिलेभर में अलग-अलग रूटों पर 162 प्राइवेट बसें दौड़ रही हैं। इनमें नरवाना रूट पर 31, असंध रूट पर 16, गोहाना और बरवाला रूट पर 19, हांसी रूट पर 26, पुंडरी रूट पर तीन, जींद से पानीपत रूट पर 26, पिल्लूखेड़ा से रोहतक रूट पर पांच, नरवाना से हांसी रूट पर पांच, नरवाना से कैथल रूट पर 24 और नरवाना से हिसार रूट पर 20 निजी बसें शामिल हैं। शहर के अंदर से बसों का संचालन बंद होने पर यात्रियों को पांडू पिंडारा नए बस स्टैंड पर जाना होगा।

लोगों की सुरक्षा जरूरी

जींद बस अड्डा के डीआई सुनील पूनिया ने बताया कि एसडी स्कूल में 29 अक्टूबर तक स्वदेशी मेले लगेगा। इसके अलावा त्योहारी सीजन पर भी शहर में सफीदों व गोहाना रोड पर ज्यादा भीड़ रहती है। भीड़ में दुर्घटना होने का डर बना रहता है। ऐसे में लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दीपावली तक शहर के अंदर से बसों का संचालन बंद कर दिया गया है। जैसे ही स्थिति सामान्य होगी तो बसों का संचालन फिर से शहर के अंदर से कर दिया जाएगा।

भीड़ में पर्स और मोबाइल संभालकर रखें : उपासना

जींद। त्योहारी सीजन और करवा चौथ के मद्देनजर बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ बढने लगी है। खासकर महिलाएं बड़ी संख्या में बाजारों में पहुंच रही हैं। ऐसे में चोरी, जेबकतरी और अन्य अप्रिय घटनाओं से बचाव के लिए जींद पुलिस ने आमजन से सतर्कता बरतने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक उपासना ने कहा कि त्योहारों की खुशियों के बीच अपनी सुरक्षा और कीमती सामान का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। एसपी ने कहा कि बाजारों में खरीदारी करते समय पर्स, फोन, नकदी और गहनों को सुरक्षित रखें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर छोटी सी लापरवाही भी सामान चोरी होने या गुम होने का कारण बन सकती है। उन्होंने महिलाओं सहित सभी नागरिकों से अनावश्यक रूप से कीमती आभूषण पहन कर बाजार जाने से बचने और अपने सामान पर नजर रखने की अपील की। जींद पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि खरीदारी के दौरान छोटे बच्चों को अकेला न छोड़ें और उन्हें परिवार के किसी सदस्य का मोबाइल नंबर याद करवाएं।

नागरिक अस्पताल में एनक्वास टीम ने जांचीं सुविधाएं, मिलीं गंभीर खामियां

250 प्रकार की दवाओं में से 150 उपलब्ध नहीं, पेरासिटामोल भी बाहर से खरीद रहे

फार्मासिस्ट को सिलेंडर से आग बुझाने का नहीं मिला ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को जांचने के लिए एनक्वास कार्यक्रम के तहत टीम सोमवार को पहुंची। एनक्वास टीम में डा. दक्षेश कुमार सोलंकी, डा. मानवप्रीत कौर ढिल्लों, डा. मीना मित्तल शामिल हैं। टीम द्वारा अस्पताल में लैब, टीकाकरण की स्थिति, इलाज करने की सुविधाएं, एंबुलेंस व्यवस्था, स्टोर रूम, दवाइयों की उपलब्धता, सफाई व्यवस्था, एक्सीडेंट एंड इमरजेंसी, ब्लड बैंक, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन, लेबर रूम, ओपीडी, आप्रेशन थिएटर, पोस्टमार्टम, रेडियोलॉजी, फार्मेसी की जांच की जाएगी। निरीक्षण के दौरान टीम को किसी तरह की कोई कमी न मिले, इसको लेकर अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को पुख्ता किया गया। हालांकि सोमवार को छुट्टी थी, बावजूद इसके स्टाफ व स्वास्थ्य अधिकारियों को बुलाया गया था। तीन दिवसीय दौरे के पहले दिन टीम यहां स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को जांचने के साथ ही इमरजेंसी, गायनी, सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। फार्मासिस्ट को आग बुझाने के सिलेंडर के काम करने की नही मिली जानकारीः टीम को फार्मेसी विभाग की जांच के दौरान पता चला कि फार्मासिस्ट को आग बुझाने का सिलिंडर कैसे काम करता है, इसके बारे में पता ही नहीं। एक फार्मासिस्ट ने बाहर आकर एक कर्मचारी से इसके बारे में पूछा। फार्मेसी के बाहर पहली बार सभी प्रकार की दवाइयों के नाम लिखे बैनर नजर आए। इसमें 250 प्रकार की दवाइयों की सूची बनाई गई। इनमें से 100 प्रकार की दवाइयों के सामने उपलब्ध नही हैं, लिखा मिला। सबसे हैरानी की बात है कि आम बुखार की दवाई पेरासिटामोल 500 एमजी स्टोर में उपलब्ध नहीं है।

लैब, टीकाकरण की स्थिति, इलाज करने की सुविधाएं, एंबुलेंस व्यवस्था का किया निरीक्षण







जींद। जांच करते एनक्वास टीम व अस्पताल में चस्पा की गई दवाइयों की सूची, जिसमें पेरासिटामोल की गोली के आगे नौ लिखा है। *फोटो :हरिभूमि*

तीन दिन तक करेगी निरीक्षण

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि एनक्वास की तीन सदस्यीय टीम तीन दिन तक अस्पताल का निरीक्षण करेगी। टीम द्वारा व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी और उसी आधार पर अस्पताल को रैंकिंग मिलेगी। इसी रैंकिंग के आधार पर कैश अवार्ड दिया जाता है।

तीन हिस्सों में बंट कर किया निरीक्षण

सोमवार सुबह टीम तीन हिस्सों में बंट गई और अस्पताल का निरीक्षण करना शुरू किया। एक टीम ने इमरजेंसी वार्ड का मुआयना किया। यहां किए जा रहे इलाज के बारे में जानकारी ली। इमरजेंसी वार्ड में दवाइयों को रखने का तरीका, बायोमेडिकल वेस्ट, मेडिकल वेस्ट को निस्तारण की व्यवस्था का आंकलन किया। काफी हद तक पहले की अपेक्षा अस्पताल में सोमवार को व्यवस्था ठीक मिली। यहां निरीक्षण करने पहुंचे डा. दक्षेश कुमार सोलंकी ने काफी देर तक नर्सिंग आफिसर को दवाइयों के सही रखने के तरीकेए स्टाक रजिस्टर को लेकर बातचीत की।

पेरासिटामोल 500 एमजी उपलब्ध नहीं

इस बार अस्पताल प्रशासन ने फार्मेसी के सामने सभी दवाइयों की एक सूची बैनर के रूप में चस्पा की है। इसमें 250 प्रकार की दवाइयों के नाम लिखे हैं। इनके सामने उपलब्ध है या नही, इसके बारे में स्कैच से लिखा हुआ है। इस सूची में से 100 प्रकार की दवाइयों के सामने नो लिखा हुआ है। इस सूची में सहज रूप से मिलने वाली बुखार की पेरासिटामोल 500 एमजी उपलब्ध नहीं है। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि अस्पताल में दवाइयों की कितनी कमी है।

कृषि विभाग ने किसान को लगाया पांच हजार जुर्माना

कैथल। जिले में धान अवशेष जलाने का पहला मामला सामने आया है। गांव मटौर के किसान सुरेश कुमार पर धान के अवशेष जलाने के आरोप में कृषि विभाग ने पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। धान की कटाई के सीजन में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। विभाग की ओर से सेटेलाइट और ड्रोन के माध्यम से खेतों पर नजर रखी जा रही है, ताकि

■ कैथल में धान अवशेष जलाने का पहला मामला

अवशेष जलाने की घटनाओं का समय रहते पता लगाया जा सके। धान अवशेष जलाने से वातावरण में धुआं फैलता है, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ आमजन के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने किसानों को पराली न जलाने के निर्देश दिए हैं। कृषि विभाग की टीमें खेतों में जाकर किसानों को धान अवशेषों का उचित प्रबंधन करने के लिए जागरूक भी कर रही हैं। इसके बावजूद अवशेष जलाने का मामला सामने आने पर विभाग ने कार्रवाई की है। धान कटाई के बीच कैथल का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 156 तक पहुंच गया है। ऐसे में वायु गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखना प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है। पराली जलाने से निकलने वाला धुआं प्रदूषण की समस्या को और गंभीर कर सकता है। हालांकि, एक्यूआई में बढ़ोतरी के लिए केवल धान अवशेष जलाने को जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। जिला प्रशासन और कृषि विभाग किसानों से अपील कर रहे हैं कि वे फसल अवशेषों को आग लगाने के बजाय उचित तकनीकों से उनका प्रबंधन करें। विभाग का उद्देश्य पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना और पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाना है।

बेटियों को किसी भी मुकाम पर कमतर न समझें

■ जींद की बेटी राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री से शिक्षक पुरस्कार पाकर पहुंचीं गृहक्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद की बेटी ने देश की राजधानी दिल्ली में अपनी मेहनत का लोहा मनवाते हुए शिक्षा जगत में सर्वोच्च मुकाम हासिल किया है। दिल्ली के सरकारी विद्यालय में अध्यापिका के पद पर कार्यरत सुमन गोयल ने को पांच सितंबर को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पूरे देश में अव्वल स्थान पाकर जब वे जींद स्थित अपने ननिहाल पहुंची तो परिजनों व



जींद। सुमन गोयल का स्वागत करते परिवारजन। *फोटो :हरिभूमि*

स्थानीय लोगों ने फूलमालाओं के साथ उनका भव्य व भावुक स्वागत किया। खास बात यह रही कि इस दोहरी खुशी के दिन उनकी बिटिया का जन्मदिन भी था, जिससे पूरे परिवार का उल्लास दोगुना हो गया। पारिवारिक पृष्ठभूमि की चर्चा करते दीपक जिंदल ने बताया कि परिवार में कोई भी सरकारी सेवा में नही था और न ही कोई बहुत अधिक पढ़ा-लिखा था। विपरीत परिस्थितियों और संसाधनों के अभाव के बावजूद बहन सुमन गोयल ने दिन-रात कठिन परिश्रम किया। न केवल स्वयं एमए (अर्थशास्त्र) जैसी उच्च शिक्षा हासिल की बल्कि अपने संघर्ष और मार्गदर्शन से पूरे परिवार में शिक्षा की अलख जगाई। आज वे दिल्ली की नंबर वन अध्यापिका बनकर उभरी हैं। स्वागत समारोह में मौजूद दीपक जिंदल ने कहा कि यह पूरे परिवार और समाज के लिए अत्यंत गौरवशाली क्षण है। उन्होंने बताया कि बहन को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलने और बिटिया के जन्मदिन के उपलक्ष में दिल्ली, करनाल और जींद सहित दूरदराज से पूरा परिवार एकत्रित हुआ है। संघर्ष के बूते राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के हाथों सम्मान पाना हरियाणा की हर बेटी के लिए एक मिसाल है।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

■ मृतक की पहचान गांव फिरोजपुर निवासी अमरजीत के रूप में हुई

गांव पोलड़ में कैथल-पटियाला स्टेट हाइवे पर रविवार रात करीब 10 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव फिरोजपुर निवासी अमरजीत (24) के रूप में हुई है। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। अमरजीत राइस मिल में मजदूरी करता था और काम खत्म कर घर लौट रहा था। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी मौत के बाद अब परिवार में माता-पिता व एक छोटी बहन रह गई है। हादसे के बाद राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर सीवन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को कैथल के नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया है। परिजनों के अनुसार अमरजीत अविवाहित था। उसके माता-पिता खेतीबाड़ी करते हैं। परिवार में माता-पिता के अलावा एक बहन है। अमरजीत अपनी बहन का इकलौता भाई था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सीवन थाना एसएचओ मुकेश रानी ने बताया कि पुलिस को देर रात गांव पोलड़ के पास सड़क हादसे में युवक की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को सिविल अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया हे। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिट्टी के पारंपरिक बर्तनों की ओर लगातार कम हो रहा लोगों का रुझान

त्योहारों के सीजन में भी फीका पड़ा कुम्हारों का कारोबार

दुर्गादास शर्मा ▶▶| राजौंद

त्योहारों का सीजन होने के बावजूद मिट्टी के बर्तन बनाने के पुश्तैनी व्यवसाय से जुड़े कुम्हार समुदाय के लोगों का कारोबार पहले के मुकाबले काफी फीका पड़ता जा रहा है। अहोई-अष्टमी और दीपावली जैसे पर्वों पर कभी मिट्टी से बने चुगड़े, झाकरी, कुज्जी, ठूठी और दीपक की खूब मांग रहती थी, लेकिन आधुनिकता की चकाचौंध और बदलते रहन-सहन के कारण अब लोगों का रुझान मिट्टी के पारंपरिक बर्तनों की ओर लगातार कम हो रहा है। इसका सीधा असर कुम्हार परिवारों की रोजी-रोटी पर पड़ रहा है। कुम्हार समुदाय से जुड़े कृष्ण प्रजापत, जंगशेर, शेर सिंह, काला, लखविंद्र सिंह, विकास, बाबू, जोगेंद्र, विक्रम, बलबीर और शमशेर ने बताया कि कुछ वर्ष पहले तक त्योहारों का सीजन शुरू होते ही कुम्हारों के घरों में अलग ही चहल-पहल रहती थी। परिवार का प्रत्येक सदस्य मिट्टी के बर्तन बनाने, उन्हें आकार देने, सुखाने, रंगाई करने और भट्ठी में पकाने के काम में जुट जाता था। त्योहारों से कई दिन पहले ही घरों और कार्यस्थलों पर मिट्टी के बर्तनों के ढेर लग जाते थे। लोग भी परंपरा के अनुसार मिट्टी के बर्तन खरीदने के लिए कुम्हारों के घरों और दुकानों पर पहुंचते थे। उन्होंने बताया कि अब परिस्थितियां काफी बदल गई हैं।



राजौंद। त्योहारों के लिए पकाने के लिए रखे कच्चे मिट्टी के बर्तन।

मेहनत और खर्च की पूरी भरपाई नहीं

कुम्हारों का कहना है कि महंगाई ने भी इस व्यवसाय की कमर तोड़ दी है। मिट्टी की व्यवस्था करने से लेकर बर्तन तैयार करने, उन्हें सुखाने, पकाने और बाजार तक पहुंचाने में पहले की अपेक्षा काफी अधिक खर्च आता है। भट्ठी में बर्तन पकाने के लिए ईंधन की लागत भी बढ़ गई है। इसके बावजूद मिट्टी के बर्तनों की बिक्री और कीमत इतनी नहीं मिल पाती कि मेहनत और खर्च की पूरी भरपाई हो सके। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए इस व्यवसाय में लगातार पैसा लगाना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने बताया कि अहोई-अष्टमी, करवाचौथ और दीपावली जैसे त्योहारों पर मिट्टी के बर्तनों का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रहा है। पहले घर-घर में मिट्टी के पारंपरिक बर्तनों का इस्तेमाल होता था, लेकिन अब चीनी मिट्टी, स्टील, प्लास्टिक और अन्य सामग्री से बने सामान ने इनकी जगह ले ली है।

पेंट से छिपाई बाइक की पहचान 21 हजार रुपये का किया चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर के पिहोवा चौक पर ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर सोमवार को दूसरे दिन भी कार्रवाई की। सोमवार को ट्रैफिक पुलिस ने बाइक पर पेंट फेरकर पहचान छिपाने वाले वाहन चालक की बाइक इंपाउड की है तथा इस पर 21 हजार रुपये का चालान भी किया गया है। इस मामले में बाइक के मालिक ने बाइक पर पेंट किया था और उसकी पहचान छिपाई थी। पुलिस की कार्रवाई के बाद वाहन की पहचान और उससे जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इस मामले में ट्रैफिक पुलिस एसएचओ रमेश चंद्र ने बताया कि उनके कर्मियों को पूरी तरह से पेंट करी हुई एक बाइक दिखी थी। इस पर मौके पर पहुंच उसे कब्जे में लिया गया। इसमें सामने आया कि बाइक के मालिक ने बाइक पर पेंट कर इसकी पहचान पूरी तरह से छिपाई थी। इस बाइक को इंपाउड कर लिया है और इसकी चेसी नंबर की जांच की जा रही है। जांच में जो भी सामने आएगा, उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि बाइक को जिस भी पेंटर द्वारा पेंट किया गया है, पुलिस उसका भी पता लगाने में जुटी है।

खबर संक्षेप

आंगनबाड़ी का ताला तोड़कर सामान चोरी

जींद। गांव आसन में बीती रात चोरों ने आंगनबाड़ी का ताला तोड़ कर रिफाइंड के पीपे, गेहूं, मूंगफली गिरी, गैस सिलेंडर को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। आसन निवासी शकुंतला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव में आगनबाड़ी वर्कर है। बीती रात चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़ कर सात पीपे रिफाइंड ऑयल, छह बोरी गेहूं, बीस किलो मूंगफली गिरी, एक गैस सिलेंडर को चोरी कर लिया।

जींदः अनाज मंडियों में धान की खरीद जारी

जींद। जिले की अनाज मंडियों में धान की आवक और खरीद का कार्य निरंतर जारी है। रविवार देर शाम तक जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में कुल एक लाख 34 हजार 513 एमटी धान की आवक दर्ज की । डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मंडियों में किसानों की सुविधा, सुचारू खरीद प्रक्रिया, फसल के उठान तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिले की सभी संबंधित खरीद एजेंसियों को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार खरीद कार्य सुचारू रूप से संचालित के निर्देश दिए गए हैं।

शेयर बेचने के फैसले का माकपा ने किया विरोध

जींद। माकपा जिला कमेटी जींद ने आईडीबीआई बैंक के 60.72 प्रतिशत शेयर कनाडा की कंपनी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स को बेचने की मंजूरी देने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले का विरोध किया है। पार्टी ने इसे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण की दिशा में जनविरोधी कदम बताते हुए केंद्र सरकार से फैसला वापस लेने की मांग की है। माकपा के जिला सचिव कपूर सिंह ने कहा कि आईडीबीआई बैंक के शेयरों की बिक्री को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मेला मंडी में जारी

नरवाना। नरवाना की नई अनाज मंडी में संयुक्त किसान मोर्चा का धरना अखिल भारतीय किसान सभा (हरियाणा) के प्रदेशाध्यक्ष मास्टर बलबीर सिंह के नेतृत्व में आज भी जारी रहा। धरने को संबोधित करते मंच साझा कर रहे सभा के जिलाध्यक्ष मास्टर चांद बहादुर ने कहा कि मौजूदा सरकार का किसानों के प्रति चाल, चरित्र और चेहरा अब पूरी तरह बेनकाब हो चुका है तथा जनता के सामने आ चुका है। किसान मंडी में अपनी फसलों की लूट का मंजर देखकर जार-जार रोने पर मजबूर हैं, परंतु सरकार और प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही।

डायल 112 की उपयोगिता के प्रति किया जागरूक

नरवाना। पुलिस अधीक्षक उपासना के कुशल मार्गदर्शन में जींद पुलिस द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जींद पुलिस की नशा मुक्ति टीम द्वारा सक्सेस लाइब्रेरी, धमतान साहिब में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों, साइबर अपराधों से बचाव तथा आपातकालीन स्थिति में डायल 112 सेवा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

एप के प्रति अभिभावकों को किया जागरूक

नरवाना। शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में सोमवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों को विद्यार्थियों के मासिक परीक्षा के परीक्षा परिणाम से अवगत करवाया गया तथा उनके शैक्षणिक प्रदर्शन एवं प्रगति पर शिक्षकों द्वारा विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। पीटीएम के दौरान अभिभावकों के लिए विद्यालय की विशेष मोबाइल ऐप के संबंध में एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

एसएसबीवी स्कूल के वार्षिक समारोह में संस्कृति, कला-रचनात्मकता का भव्य संगम

भगवान शिव के आगमन का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा

विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोहा

रंगमंच छात्रों की प्रतिभा-कल्पनाशीलता और सामूहिक प्रयासों का सशक्त मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

श्री श्याम बाल वाटिका पब्लिक स्कूल, नरवाना के हिसार रोड स्थित परिसर में विद्यालय का सोलहवाँ वार्षिक समारोह रंगमंच - कला, संस्कृति एवं रचनात्मकता का उत्सव अत्यंत भव्यता, उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ आयोजित किया गया। विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों, भारतीय संस्कृति की झलक और सामाजिक संदेशों से सजे इस समारोह ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसएमओ डॉ. देवेंद्र बिंदलिश तथा अध्यक्षीय अतिथि के रूप में प्रख्यात समाजसेवी घनश्याम दास अनेजा उपस्थित रहे। समारोह में भाजपा नेता मोहन लाल गर्ग, दिनेश गोयल, जयदेव बंसल, सतीश सेतिया सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह का प्रमुख आकर्षण 'रावण विषय पर आधारित विशेष नाट्य प्रस्तुति रही, जिसमें रावण के जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से मंच पर जीवंत किया गया। भगवान शिव के भव्य आगमन का दृश्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में मणिपुरी नृत्य, हरियाणवी लोक संस्कृति, फूलों की थीम पर आधारित प्रस्तुति, 'धुरंधर की रोमांचक झलक, नशा मुक्ति जागरूकता तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भारतीय परंपराओं, सामाजिक सरोकारों और आधुनिक रचनात्मकता से रूबरू कराया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास, अनुशासन और सामूहिक भावना का शानदार प्रदर्शन किया। प्रत्येक प्रस्तुति में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण स्पष्ट दिखाई दिया।



जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि



प्रतिभा को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया

निदेशक कृष्ण अरोड़ा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों का विकास करना भी है। प्रधानाचार्या ज्योति अरोड़ा ने कहा कि 'रंगमंच छात्रों की प्रतिभा, और सामूहिक प्रयासों का सशक्त मंच है। समारोह ने संदेश दिया कि मंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक जागरूकता और व्यक्तित्व निर्माण का भी प्रभावी साधन है। शानदार प्रस्तुतियों ने स्कूल की रचनात्मक सोच, सामूहिक कार्यक्षमता और छात्रों की बहुआयामी प्रतिभा को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया।



जुलाना। देवरड़ रोड पर निकासी व्यवस्था की जांच करते कैप्टन योगेश बैरागी।

जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने के सख्त निर्देश

■ जुलाना में जलनिकासी व्यवस्था को लेकर चेयरमैन ने लगाई अधिकारियों की क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे में निकासी व्यवस्था को लेकर आ रही समस्याओं के समाधान के लिए हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी ने अधिकारियों की क्लास लगाई। उन्होंने कस्बे की अग्रसैन धर्मशाला के सामने कस्बे के लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर अधिकारियों को बुलाया गया उन्होंने निर्देश दिए कि लोगों को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए गंभीरता से काम किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़ेए इसके लिए संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें और समस्याओं का जल्द समाधान सुनिश्चित करें। कस्बे में निकासी व्यवस्था सुचारू नहीं होने के कारण लोगों और दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान जलभराव की समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। कई स्थानों पर पानी की निकासी बाधित होने से लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। कैप्टन योगेश बैरागी ने जनस्वासथ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निकासी व्यवस्था में आ रही बाधाओं की पहचान कर उन्हें दूर किया जाए। जहां नालों की सफाई की जरूरत है, वहां सफाई करवाई जाए और पानी की निकासी के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि केवल अस्थायी समाधान करने के बजाय समस्या का स्थायी हल निकालने की दिशा में काम किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास नीति के तहत काम कर रही है। निकासी व्यवस्था जुलाना की एक गंभीर समस्या है। निकासी व्यवस्था के समाधान में कोई भी कोताही नही बरती जाएगी। इस मौके पर जनस्वास्थ्य विभाग के जेई पुनित, सुपरवाईजर अमित जागलान, नपा के उप प्रधान पवन सैनी, पार्षद राहुल, पार्षद संदीप आदि मौजूद रहे।

रोटरी परिवार की एकजुटता को प्रदर्शित किया

■ रोटरी जींद मिडटाउन का दिवाली मिलन समारोह एवं म्यूजिकल नाइट भव्य रूप से संपन्न

जींद। रोटरी जींद मिडटाउन द्वारा आयोजित दिवाली मिलन समारोह एवं म्यूजिकल नाइट हर्षोल्लास, उमंग और आपसी भाईचारे के वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुई। कार्यक्रम में क्लब के रोटेरियन सदस्यों एवं उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगीत, मनोरंजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और स्वादिष्ट भोजन से सजी इस संध्या ने सभी उपस्थित लोगों के लिए यादगार पल संजो दिए। कार्यक्रम की सफलता पर रोटेरियन माया राम देवली ने क्लब की पूरी आयोजन टीम को बधाई दी। कहा कि इस प्रकार के आयोजन रोटरी सदस्यों के बीच आपसी प्रेम, सहयोग, एकता और पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रोटेरियन माया राम देवली ने संगीत एवं मनोरंजन से कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए हरियाणा कला परिषद की टीम का आभार व्यक्त किया। कहा कि सभी सदस्यों एवं परिवारों की सक्रिय भागीदारी ने समारोह की रौनक बढ़ाई और रोटरी परिवार की एकजुटता को प्रदर्शित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि रोटरी जींद मिडटाउन भविष्य में भी सेवा, समर्पण, सामाजिक सहयोग और भाईचारे की भावना के साथ समाजहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। गायन में डा. सुधीर और डा. कविता की टीम के साथ क्लब की ओर से विशाल गोयल तथा गीता देवली ने भी प्रस्तुति दी। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष रोटेरियन नितिन जिंदल, सचिव रोटेरियन मनोज शर्मा, फस्ट लेडी रोटेरियन निधि जिंदल प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन प्रवीन सैनी, रोटेरियन सीपी मलिक, रोटेरियन राजीव जैन तथा पूरी आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर रोटेरियन डा. आरएस सिंधवानी, आरके जैन, एसके गर्ग, अशोक शर्मा, तरुण जैन, डा. नवीन गुप्ता, डा. बनीश गर्ग, डा. धनंजय कुमार सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।



शिक्षा-सामाजिक एकता से दूर होंगी बुराइयां: वर्मा

■ मैढ सुनार सभा ने मनाई आदिगुरु अजमीढ देव महाराज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मैढ सुनार सभा की ओर से सेक्टर 6 स्थित सुनार धर्मशाला में सुनार समाज के आदिगुरु अजमीढ देव महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सभा प्रधान सत्यनारायण सोनी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि सुमेर चंद वर्मा और रामअवतार वर्मा ने महाराज अजमीढ भवन एवं सुनार धर्मशाला में नवनिर्मित श्रीनिवास वर्मा मेमोरियल हॉल का उद्घाटन किया। समारोह में मुख्य अतिथि सुमेर चंद वर्मा ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए शिक्षा को बढ़ावा देना और सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगाना जरूरी है। विशेषकर बेटियों की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए। शिक्षित युवा पीढ़ी समाज को नई दिशा दे सकती है और अनेक बुराइयों को समाप्त करने में अहम भूमिका निभा सकती है। उन्होंने स्वर्णकार व्यापार के साथ पारंपरिक हस्तकला को भी महत्व देने की अपील की। उन्होंने समाज के लोगों से अजमीढ देव महाराज के मंदिर और धर्मशाला के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया। साथ ही धर्मशाला परिसर में बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए पुस्तकालय स्थापित करने पर जोर दिया सभा महासचिव राममेहर वर्मा ने उपस्थित महिलाओं और पुरुषों को कन्या भ्रूण हत्या रोकने तथा नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि समाज के जरूरतमंद और कमजोर वर्ग तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करनी होगी। सभा के पदाधिकारियों ने भी नशे के बढ़ते खतरे के प्रति जागरूक करते हुए लोगों से इससे दूर रहने की अपील की। मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष लखीराम सोनी ने समाज में एकता मजबूत करने और सरकार से स्वर्णकला बोर्ड गठित करने की मांग उठाई। समारोह में आयोजित सत्संग के दौरान राहुल कौशिक और महेश शर्मा की टीम ने भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।



जींद। श्रीनिवास वर्मा मेमोरियल हॉल का उद्घाटन करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। महोत्सव में सामूहिक गरबा करती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

महिलाओं ने एक साथ थिरक कर बांधा समां

जींद। श्रीकृष्ण भक्ति गरबा की उमंग और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर माहौल में जींद में पहली बार भव्य महारास एवं गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर विद्यापीठ मार्ग स्थित एसडी स्कूल में आयोजित स्वदेशी मेले के प्रांगण में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज की महिला विंग की ओर से आयोजित इस महोत्सव में महिलाओं ने सामूहिक गरबा प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से जुड़े महारास और पारंपरिक गरबा के बीच गायक सुरेंद्र रोमियो की गायकी ने समारोह को यादगार बना दिया। पूरा परिसर धार्मिक आस्थाए संगीत और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया। महोत्सव का आयोजन महिला विंग की अध्यक्षा पुष्पा अग्रवाल के नेतृत्व में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोगों ने शिरकत की और इस सांस्कृतिक पहल की सराहना की।

जींद के हर वार्ड और गांव में योग की शाखाएं लगाई जाएंगी : रूद्राक्ष मिड्ढा

■ मोतीलाल स्कूल में योगासन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा युवा नेता रूद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि जींद के हर वार्ड और गांव में योग की शाखाएं लगाई जाएंगी। इस वर्ष सभी योग शाखाओं और नर्सरी का कवर किया गया है। अब शाखाओं के माध्यम से योग को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। भाजपा युवा नेता रूद्राक्ष मिड्ढा जिला खेल योगासन प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मौजूद खिलाडिय़ों को संबोधित कर रहे थे। भाजपा युवा नेता रूद्राक्ष मिड्ढा मोतीलाल स्कूल में चल रही योगासन प्रतियोगित को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पिछली प्रतियोगिताओं से निकले खिलाडिय़ों ने वल्र्ड योगासन तक अपनी पहचान बनाई है, उसी प्रकार इस प्रतियोगिता से भी ऐसे खिलाड़ी निकलंगे जो अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही राज्य स्तर की प्रतियोगिता करवाई जाएगी। जिसमें हरियाणा के प्रत्येक जिले में हुई प्रतियोगिताओं के विजयी खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रथम चरण प्रतियोगिता के परिणाम ट्रेडिशनल वर्क में जयंत प्रथम, निखिल कुमार द्वितीय, योगेश तृतीय रहे। जूनियर वर्ग ब्वायज विनय प्रथम, आकाश शर्मा द्वितीय, अमित तृतीय रहे। सीनियर वर्ग व्वायज में चेतन प्रथम, संजय द्वितीय, विजय तृतीय, ट्रेडिशनल ब्वायज में विजेंदर प्रथम, नरेश द्वितीय, सुखिंदर तृतीय रहे। महिला वर्ग ट्रेडिशनल 55 साल से ऊपर शीला प्रथम, ओमपति द्वितीय दर्शना तृतीय रही।





नरवाना। कार्यक्रम में भाग लेते विधार्थी। फोटो :हरिभूमि

वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के प्रति जागरूक किया

नरवाना। केएम राजकीय कालेज, नरवाना में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ मीनू सिंह ने किया। शिविर में महाविद्यालय की तीनों यूनिटों ने भाग लिया। शिविर के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने परिसर में उगे भांग के पौधों को उखाड़कर हटाया तथा आसपास के क्षेत्रों की सफाई की। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को परिसर में उगने वाले अवांछित पौधों की पहचान करने और महाविद्यालय के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के प्रति जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त, स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया। परिसर में बिखरे प्लास्टिक के कचरे, पॉलिथीन एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित किया गया। विद्यार्थियों ने परिसर को साफ-सुथरा रखने तथा एकल उपयोग वाली प्लास्टिक का प्रयोग कम करने का संकल्प लिया।

अस्मिता रग्बी राज्य प्रतियोगिता का समापन

जींद ने 15 और अंडर 18 दोनों वर्गों में जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आधारशिला पब्लिक स्कूल में 24 एवं 25 अक्टूबर को आयोजित दो दिवसीय अस्मिता रग्बी राज्य प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता में अंडर 15 एवं अंडर 18 आयु वर्ग की लड़कियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दूसरे दिन सेमीफाइनल एवं अन्य निर्णायक मुकाबले खेले गए। जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन किया। जींद की टीम ने दोनों आयु वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर प्रतियोगिता में दबदबा कायम किया। जींद रग्बी संघ के सचिव मुनीत बेरवाल ने बताया कि अंडर.15 लड़कियों के वर्ग में जींद की टीम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जबकि भिवानी की टीम ने रजत और चरखी दादरी की टीम ने कांस्य हासिल किया। खिलाड़ियों के बीच पूरे टूर्नामेंट के दौरान रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। अंडर 18 आयु वर्ग में कड़े मुकाबले में जींद की टीम ने हिसार को हराकर स्वर्ण पदक जीता। हिसार की टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं चरखी दादरी की टीम ने भिवानी को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि समाजसेवी कुलदीप रंधावा, एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह, रग्बी हरियाणा के सचिव सुशील कुमार, सह सचिव बबीता सिंह तथा आधारशिला स्कूल की निदेशक अंजू सिहाग ने विजेता एवं पदक प्राप्त करने वाली खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया तथा खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। अस्मिता रग्बी राज्य प्रतियोगिता ने हरियाणा की युवा महिला खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है।



जींद। प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। उपेन्द्र गर्ग को सम्मानित करते बजरंग दास गर्ग। फोटो :हरिभूमि

सम्मेलन में उपेन्द्र और मोहित को किया सम्मानित

नरवाना। अग्रोहा धाम में रविवार को अग्रोहा विकास ट्रस्ट अग्रोहा धाम के वार्षिक सम्मेलन में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने प्रदेश सहसचिव उपेन्द्र गर्ग व सोशल मीडिया प्रदेश सचिव मोहित बंसल को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया । उपेन्द्र गर्ग व मोहित बंसल ने बजरंग गर्ग का धन्यवाद करते बताया कि यह सम्मान समाज के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है। मोहित बंसल ने बताया कि कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के महामहिम राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विशिष्ट अतिथी के तौर पर पंजाब सरकार में कैबिनेट मंत्री विरेंद्र गोयल व हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। मेले में अग्रोहा विकास ट्रस्ट के संरक्षक व एस्सल ग्रुप के चेयरमैन और पूर्व राज्यसभा सांसद सुभाष चंद्रा ने ध्वजारोहण किया व अध्यक्षता अग्रोहा विकास ट्रस्ट अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने की। मोहित बंसल ने बताया कि मेले में महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी का विशेष सान्निध्य रहा।

खबर संक्षेप

बरसाना गांव में मूलभूत सुविधाओं पर जोर : बतान

पूंडरी। गांव बरसाना में सडक़, पेयजल, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की जरूरत है। गांव के निवासी



मास्टर जसमेर सिंह बतान ने गांव के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार साझा करते हुए कहा कि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाना चाहिए। गांव की प्रगति के लिए सभी ग्रामीणों का सहयोग और सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि गांव में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए पुस्तकालय स्थापित किया जाना चाहिए, ताकि बच्चे शांत वातावरण में पढ़ाई कर सकें और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उन्हें बेहतर स्थान मिल सके।

100 से अधिक ने उठाया स्वास्थ्य जांच का लाभ

कैथल। पंथ नगर कैथल की गली नंबर 2 में नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लगभग 100 लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श दिया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं मिलने से स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। स्थानीय निवासियों ने नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस जनहितकारी पहल की सराहना की।

अग्रसेन चौक की तर्ज पर कलायत में महर्षि वाल्मीकि चौक भी होगा विकसित

1 करोड़ से बनेगा महर्षि वाल्मीकि सामुदायिक भवन, निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

1 भव्य शोभायात्रा निकाली, समाज के लोगों ने विकास योजनाओं के लिए जताया आभार

2 पहले भी 21 लाख रुपये की लागत से बनवाया जा चुका है भवन, युवा भाजपा नेता तुषार ढांडा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की

कलायत वार्ड 8 में अनुमानित एक करोड़ के बजट से सोमवार को महर्षि वाल्मीकि सामुदायिक भवन निर्माण की शुरुआत की गई। महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस पर सामुदायिक भवन के भूमि पूजन एवं हवन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर युवा भाजपा नेता तुषार ढांडा ने शिरकत की। तय रूप रेखा अनुसार भगवान कपिल मुनि ज्योतिष एवं रत्न केंद्र प्रमुख विशाल शांडिल्य ने धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करवाया।आयोजन की अध्यक्षता वार्ड पार्षद महिपाल पंवार ने की। इससे पहले भव्य शोभा यात्रा श्री कपिल मुनि राजकीय महिला कालेज के पास स्थित महर्षि वाल्मीकि चौक से पार्षद अमित वाल्मीकि की रहनुमाई में शुरुआत हुई। महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में यात्रा के मुख्य प्रचारक राजेंद्र सिनंद, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकिशन काका राणा, वाइस चेयरमैन ऋषिपाल सहारण, नगर पालिका प्रधान अंकित राणा, पार्षद कुमारी रेणु धानियां, हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन प्रांतीय कोषाध्यक्ष संजय सिंगला, प्रीत जगदेव, प्रदीप राणा, महिपाल पंवार, संजय धीमान, अनिल कंसल, जगदीश रायका, विनोद ज्येष्ठ, अमित वाल्मीकि, रविंद्र निर्मल बंटी, राजेश बेदी, प्रवीण कंसल, जंगा राम वाल्मीकि, पूर्व पार्षद सुरेंद्र वाल्मीकि, सुरेंद्र कुमार, संजीव कुमार, नवीन कुमार, अनिल वाल्मीकि, प्रीतम वाल्मीकि, बलजीत सिंह और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। तुषार ढांडा ने कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय नर सिंह ढांडा ने वर्ष 2009 में महर्षि वाल्मीकि आश्रम परिसर से अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की थी। उसे दौरान उन्होंने भाजपा के सत्ता में आने पर महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार एवं विकास योजनाओं को पूरा करवाने का वादा किया था। उनके वायदे पर खरा उतरते हुए पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा द्वारा करीब 1 करोड रुपए की सौगात महर्षि वाल्मीकि आश्रम में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दी गई। इससे पहले भी 21 लाख रुपए के बजट से एक भवन का निर्माण किया गया। भविष्य में इस निर्माण को पूरा करने में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। इसी कड़ी में पार्षद अमित वाल्मीकि की अगुवाई में समाज द्वारा भव्य रूप से महर्षि वाल्मीकि चौक को विकसित करने की मांग को पूरा करने का निर्णय लिया गया है। इससे कैथल के पेहवा चौक पर स्थित महाराजा अग्रसेन चौक की तर्ज पर नगर पालिका द्वारा विकसित किया जाएगा।



कलायत। सामुदायिक भवन का भूमि पूजन करवाते युवा भाजपा नेता तुषार ढांडा

वायदे अनुसार विकास कार्य पूरे करवाने का दिया भरोसा

महत्वपूर्ण घोषणाओं एवं विकास योजनाओं की शुरुआत पर नगर पालिका जन प्रतिनिधियों, वाल्मीकि समाज और समाजसेवी संगठनों ने पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा का आभार व्यक्त किया। पालिका प्रधान ने भी नपा के माध्यम से वायदे अनुसार विकास कार्य पूरे करवाने का भरोसा दिलाया।

हकीकत में बदल रहा 'सबका साथ सबका विकास' का नारा

तुषार ढांडा ने कहा कि प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हर वर्ग को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इससे भाजपा का सबका साथ और सब के विकास का नारा पूर्णतया हकीकत में बदल रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तुषार ढांडा के साथ-साथ गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अटूट भंडारे का भी आयोजन हुआ इसमें भारी संख्या में महिलाओं, बड़े-बुजुर्गों युवाओं और बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

गुरु ब्रह्मानंद ने समाज को दिखाई नई दिशा : जांबा



पूंडरी। गुरु ब्रह्मानन्द की पुजा करते हुए श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

पूंडरी की गुरु ब्रह्मानंद कॉलोनी स्थित गुरु ब्रह्मानंद आश्रम में सोमवार को गुरु ब्रह्मानंद की मूर्ति स्थापना की गई। इस अवसर पर हवन-यज्ञ, संकीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें पूंडरी शहर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में गुरु प्रेमियों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विधायक सतपाल जांबा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने गुरु ब्रह्मानंद जी की शिक्षाओं को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए लोगों से उन्हें अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। मूर्ति स्थापना से पहले आश्रम में लगातार पांच दिनों तक विद्वान ब्राह्मणों की ओर से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया संपन्न करवाई गई। इससे एक दिन पहले पूंडरी नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।सोमवार को विधि-विधान के साथ मूर्ति स्थापना की गई। इसके साथ ही पंचरंगे झंडे का ध्वजारोहण भी किया गया।

धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण भक्तिमय

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए धार्मिक अनुष्ठानों से आश्रम का वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के दौरान संकीर्तन के माध्यम से गुरु महिमा का गुणगान किया गया और श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति डालकर सुख-समृद्धि की कामना की। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि गुरु ब्रह्मानंद जी ने अपना पूरा जीवन वेदों के प्रचार-प्रसार, नारी शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज में फैले आडंबरों के विरोध में समर्पित कर दिया। उन्होंने अपनी शिक्षाओं और विचारों के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का काम किया। गुरु ब्रह्मानंद जी ने यज्ञ के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देते हुए लोगों को वैदिक परंपराओं और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में राम प्रताप गुप्ता, मदनलाल गर्ग, विनोद भल्ला, सरपंच महिपाल मोहना, रवि बोरा, बलवान पूंडरी, राजेश बरसाना सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और श्रद्धालु मौजूद रहे।

एक की महारैली में जुटने का आह्वान

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

किसान भवन, कैथल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस व जिला कांग्रेस कमेटी की मीटिंग में एआईसीसी ऑब्जर्वर अनिल चौधरी, जिला प्रभारी बृजेन्द्र सिंह और कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने लोकतंत्र पर मंडरा रहे खतरे के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई। तीनों नेताओं ने 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में होने वाली 'वोट बचाओ-लोकतंत्र बचाओ' महा रैली में कैथल जिले के लोगों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के तत्काल इस्तीफे की मांग दोहराई। एआईसीसी ऑब्जर्वर अनिल चौधरी ने कहा कि देश में वोट चोरी का खेल खुलेआम चल रहा है। मतदाता सूचियों से करोड़ों नाम काटे जा रहे हैं, नियमों को ताक पर रखकर चुनाव आयोग को सत्ता के हित में इस्तेमाल किया जा रहा है। जिला प्रभारी बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार और उसके द्वारा नियंत्रित चुनाव आयोग लोकतंत्र की जड़ें खोदने में लगे



हैं। मतदाताओं के नाम काटने का यह खेल देश की आत्मा पर हमला है। कैथल जिले के कार्यकर्ता और आम जन 1 नवंबर को दिल्ली पहुंचकर इस महा रैली को सफल बनाएंगे। इस अवसर पर पूर्व सीपीएस सुल्तान जडौला, युजवेंद्र गुहला, सुरेंद्र रांझा, सुनील कुंडू, रोशन पाड़ला, साहब सिंह, जोरा सिनंद, कृष्ण सिसला, सोनू सेठ, बृजपाल, रामपाल, दर्शन, रणधीर शर्मा सांगन, रामकुमार बंसल, राजेश बिट्टू, रामनिवास मेहरा, दलबीर नैन, लखमी पबनावा आदि मौजूद रहे।

रेल यात्री कल्याण समिति ने उठाई रेलवे फाटक की समस्या के समाधान की मांग

कैथल। रेल यात्री कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक सनातन धर्म मंदिर में समिति के प्रधान बलवंत सिंह जाटान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में करनाल रोड रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से राहत दिलाने तथा रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समिति ने मांग की कि



हरिद्वार जाने वाली रेलगाडी वाया कैथल चलाई जावें ताकि क्षेत्र के यात्रियों को सीधी रेल सुविधा मिल सके। प्रधान बलवंत सिंह जाटान एवं चेयरमैन सतपाल गुप्ता ने बताया कि रेलवे फाटकों पर बार-बार लगने वाले जाम के कारण यहरवासियों को भारी परेषानी का सामना करना पडता है इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए ऐलिवेटिड पुल बनाने की बात कही थी इसके बावजूद अब जगह की कमी का हवाला देकर इसे निर्माण में टालमटोल करना समझ से परे है। ज्ञानचंद भल्ला एवं रामकला जांगडा ने मांग उठाई कि यहर के सौदर्यकरण के लिए और यातायात की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए करनाल रोड पर उचाना की तर्त पर अंडरपास तथा जीन्द रोड नजदीक नया बस स्टैण्ड पर ओवरब्रिज का निर्माण करवाया जाएं ताकि यहरवासियों को जाम से राहत मिल सकें और आवागमन सुगम हो।

राजौंद मंडी में 15,283 क्विंटल धान की खरीद, 8300 क्विंटल का उठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

राजौंद अनाज मंडी में धान की आवक और खरीद का कार्य लगातार जारी है, लेकिन खरीदे गए धान का पर्याप्त उठान नहीं होने से मंडी में अभी भी बड़ी मात्रा में फसल पड़ी हुई है। मार्केट कमेटी राजौंद के सचिव देवेंद्र मोर ने बताया कि सोमवार को मंडी में 8,673 क्विंटल धान की आवक हुई, जबकि 15,283 क्विंटल धान की खरीद की गई। वहीं, 8,300 क्विंटल धान का उठान किया गया। सचिव देवेंद्र मोर ने बताया कि राजौंद अनाज मंडी में अब तक कुल 1,23,967 क्विंटल धान की आवक हो चुकी है। इसमें से 1,15,513 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। मंडी में अभी 8,454 क्विंटल धान बिना बिके पड़ा हुआ है। किसानों की फसल की लगातार आवक को देखते हुए मंडी में खरीद के साथ-साथ उठान पर भी जोर दिया जा रहा है।

■ 50 प्रतिशत धान अभी भी उठान के इंतेजार में पड़ा



उन्होंने बताया कि अब तक मंडी से कुल 58,600 क्विंटल खरीदे गए धान का उठान हो चुका है, जबकि 56,913 क्विंटल धान का उठान अभी बाकी है। इस प्रकार खरीदे गए धान का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा अभी मंडी में ही पड़ा हुआ है और उठान का इंतजार कर रहा है। मार्केट कमेटी सचिव ने बताया कि धान की खरीद और उठान दोनों कार्य लगातार चल रहे हैं। उधर किसानों ने बताया कि मंडी में खरीदा हुआ धान अधिक मात्रा में पड़ा रहने से नई फसल के पहुंचने पर जगह की समस्या उत्पन्न हो रही है।

न्यूज डायरी

डीएवी स्कूल में साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला

पूंडरी। डीएवी पब्लिक स्कूल पुंडरी में प्रधानाचार्य गजेंद्र कुमार के दिशा-निर्देशन में सीबीएसई के क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत डोमेन 2



साइबर सुरक्षा एवं संरक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ के रूप में दिव्या शर्मा व अंजू बाला विशेष रूप से शामिल हुईं। वेन्यू निदेशक सुशील कुमार एवं एसटीएनसी विकास जैन ने विषय विशेषज्ञों का स्वागत किया। इस मौके पर वेन्यू निदेशक सुशील कुमार एवं एसटीएनसी विकास जैन ने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को शिक्षकों के व्यवसायिक विकास तथा विद्यार्थियों के सुरक्षित भविष्य के लिए उपयोगी बताया।

गजेंद्र शर्मा बने डीएवी पूंडरी के प्रधानाचार्य

पूंडरी। डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के नए प्रधानाचार्य के रूप में गजेंद्र शर्मा ने पदभार संभाल लिया। उनके पूंडरी आगमन और पद की जिम्मेदारी ग्रहण करने पर शहरवासियों, शिक्षाविदों और स्कूल परिवार में बेहद



उत्साह का माहौल है। शहर के गणमान्य व्यक्तियों आर्य समाज के प्रधान अनिल आर्य, राजकुमार वालिया, संजय तलवाड़, कार्यकारी प्राचार्य सुशील कुमार और स्थानीय लोगों ने उनका फूलों का गुलदस्ता भेंट करके भव्य स्वागत किया। इस नए पदभार से पहले गजेंद्र शर्मा डीएवी पब्लिक स्कूल नरवाना व लूखी (कुरुक्षेत्र) में प्रिंसिपल के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। शहरवासियों और अभिभावकों ने विश्वास जताया है कि उनके मार्गदर्शन में डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी शिक्षा और अनुशासन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा।

माल गोदाम रोड पर लगाया भंडारा

कैथल। माल गोदाम रोड, हनुमान मार्किट, संकट मोचन हनुमान जी की प्रतिमा के पास महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में भगवान हनुमान का भण्डारा



लगाया गया। भण्डारे का शुभारंभ समाजसेवी कृष्ण सिंगल, एवं नवनीत गुप्ता ने किया। यह भण्डारा हनुमान मार्किट के दुकानदारों के सहयोग से लगाया जाता है। बता दें कि संकट मोचन हनुमान सेवा ट्रस्ट प्रति मास प्रत्येक पूर्णमासी को इस भण्डारे का आयोजन करती है। 26वां भण्डारा 24 नवंबर को लगाया जाएगा। इस अवसर पर रविन्द्र गोयल, पवन शर्मा एडवोकेट, सोनू गोयल, मोहित सिंगला, प्रीतिपाल बंसल, श्रीमति राजेष सिंगला, संजय सिंगला, आईडी अरोडा, सतपाल मंगला, सतपाल गुप्ता, जितेन्द्र बंसल, लाजपत राय सिंगला, विक्रम गोयल, नवीन गर्ग, विशाल मित्तल, ज्ञानचंद भल्ला, कपूर चंद गोयल, जय प्रकाश गर्ग इत्यादि उपस्थित थे।

डीपफेक वीडियो से ब्लैकमेलिंग का खतरा : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

तकनीक के इस आधुनिक युग में जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और संचार क्षेत्र में नई क्रांति ला रहा है, वहीं साइबर अपराधी इस तकनीक का दुरुपयोग कर आमजन को ठगने व ब्लैकमेल करने में भी जुट गए हैं। इसी संदर्भ में जिला पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने नागरिकों को जागरूक करते हुए सावधानी बरतने की महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। सूदन ने बताया कि साइबर ठग अब एआई टूल्स की मदद से किसी व्यक्ति की आवाज, चेहरा या वीडियो को इतनी बारीकी से एडिट कर रहे हैं कि असली और नकली में अंतर कर पाना मुश्किल हो गया है। इन नकली



वीडियो या डीपफेक कंटेंट के माध्यम से लोगों से पैसे की ठगी, प्रतिष्ठा खराब करने की धमकी या सोशल मीडिया पर ब्लैकमेलिंग जैसे अपराधों में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि अपराधी किसी व्यक्ति की पुरानी फोटो या वीडियो को एआई टूल से एडिट कर अशोभनीय या भ्रामक कंटेंट तैयार करके और फिर उसे वायरल करने या ऑनलाइन पोस्ट करने की धमकी देकर रुपयों की मांग करते है। इसी प्रकार कुछ अपराधी सोशल मीडिया से ली गई तस्वीरों को एडिट कर फेक प्रोफाइल बनाकर लोगों से पैसे ठगने या आपत्तिजनक बातें फैलाने का प्रयास करते हैं। एसपी ने बताया कि अब ठग "डीपफेक वॉइस" तकनीक का उपयोग कर परिवार के सदस्य या वरिष्ठ अधिकारी की आवाज की नकल करके भी ठगी कर रहे हैं।

ये बरतें सावधानियां

- किसी भी संदिग्ध वीडियो या फोटो पर तुरंत भरोसा न करें, भले ही उसमें परिचित क्ति नजर आ रहा हो।
- निजी फोटो, वीडियो या व्यक्तिगत जानकारी सोशल मीडिया पर अपलोड करने से पहले सोचें।
- यदि किसी प्रकार की संदिग्ध कॉल, वीडियो या धमकी प्राप्त हो तो उसे पुलिस या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत रिपोर्ट करें।
- डीपफेक पहचाने और संदिग्ध सामग्री की सत्यता जांचें।
- बच्चों व युवाओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में जागरूक करें।
- फेक प्रोफाइल की पहचान होने पर तुरंत उसे रिपोर्ट करें।

संदिग्ध लिंक पर जाने से पहले सत्यता जांचे

एसपी ने कहा कि तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ लोगों को भी डिजिटल विवेक अपनाने की आवश्यकता है। किसी भी संदिग्ध लिंक, वीडियो, कॉल या मैसेज पर क्लिक करने या शेयर करने से पहले उसकी सत्यता जांच लें। यदि कोई बात या वीडियो बहुत सनसनीखेज या चौंकाने वाली लगे, तो सबसे पहले उसे सत्यापित करें, क्योंकि ठग इसी भावनात्मक प्रतिक्रिया का फायदा उठाते हैं।

चार मामलों में पांच नशा तस्कर काबू



कैथल। सीआईए कलायत पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर।

कैथल। जिला पुलिस ने नशा तस्करी के चार मामलों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 37.77 ग्राम हेरोइन और 54 किलो 864 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ है। पुलिस ने नशा तस्करी में प्रयुक्त ट्रक, कार और बाइक भी जब्त की हैं।डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि कलायत सीआईए टीम ने एनएच-152 पर पिंजुपुरा बस अड्डे के पास ट्रक की तलाशी ली। ट्रक चालक गांव मंडवाल निवासी सतनाम के कब्जे से चार कट्टों में 54 किलो 864 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ।दूसरे मामले में पुलिस ने नंद सिंह वाला सड़क पर गांव नंदगढ़ निवासी सुखबीर सिंह को 25.2 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। तीसरे मामले में ट्रांसपोर्ट नगर कैथल से मनोज कुमार और गौरव को 6.23 ग्राम हेरोइन सहित पकड़ा गया। वहीं, चीका की इंद्रा कॉलोनी निवासी सतीश उर्फ बंबु के मकान से 6.34 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में मामले दर्ज कर लिए हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है।

कार्यक्रम

उपायुक्त अपराजिता ने हरविंदर और उनके परिवार को दी बधाई

निरंतर प्रयास से बड़ी से बड़ी चुनौती को किया जा सकता है पार

पैरा एशियन गेम्स में हरविंदर ने तीरंदाजी में जीता स्वर्ण कांस्य पदक, चीका पहुंचने पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुलहा

पैरा एशियन गेम्स में तीरंदाजी (आर्चरी) में शानदार प्रदर्शन करते हुए हरविंदर ने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर डीसी अपराजिता ने हरविंदर और उनके परिवार को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरविंदर भविष्य में भी इसी तरह अपनी मेहनत और लगन से देश व प्रदेश का नाम रोशन करते रहें। डीसी अपराजिता ने युवाओं का आह्वान किया कि वे हरविंदर से प्रेरणा लेकर मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि हरविंदर की सफलता साबित करती है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास से बड़ी से बड़ी चुनौती को पार किया जा सकता है।



गुहला। पदक विजेता हरविंद्र सिंह का स्वागत करते कोच एवं खिलाडी

खेल प्रेमियों ने खुशी की जाहिर

पैरा एशियन गेम्स में दो पदक जीतकर चीका पहुंचे हरविंदर का भव्य स्वागत किया गया। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों, खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने कहा कि हरविंदर की सफलता मेहनत, लगन, आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छाशक्ति का बेहतरीन उदाहरण है। उनकी उपलब्धि विशेष रूप से दिव्यांग खिलाड़ियों और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। स्वागत समारोह में डॉ. सतनाम सिंह (एथलीट कोच), सचिन (आर्चरी कोच), नरेश (हॉकी कोच), अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच गुरमीत सिंह, मेहताब सिंह डीपी तथा विक्रम पाबसर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी ने हरविंदर को शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हरविंदर की इस उपलब्धि ने गुहला-चीका क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। खेल प्रशिक्षकों ने उम्मीद जताई कि उनकी सफलता से अधिक से अधिक युवा खेलों के प्रति आकर्षित होंगे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए पदक जीतने का लक्ष्य निर्धारित करेंगे।

खबर संक्षेप

1933 पर दें ड्रग्स तस्करी की गुप्त जानकारी

कैथल। डीसी अपराजिता ने बताया कि केंद्र सरकार ने नशे के खिलाफ राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस-1933 शुरू किया हुआ है। यह हेल्पलाइन देश को 2047 तक नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मानस हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे चालू रहता है। लोग इस पर ड्रग्स तस्करी की गुप्त जानकारी साझा कर सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

ड्रोन से पराली जलाने पर रखी जाएगी निगरानी

कैथल। जिला प्रशासन इस बार फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पराली जलाने (फसल अवशेष) की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए फील्ड स्टाफ के साथ साथ ड्रोन के माध्यम से भी लगातार निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही 629 नोडल अधिकारी भी तैनात किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी के लिए छह स्थानों पर सेंसर भी लगाए गए हैं।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कैथल के उपनिदेशक डॉ रविंद्र जाखड़ ने कहा कि जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए गए हैं। किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, ताकि बच्चे पर्यावरण संरक्षण का संदेश अपने अभिभावकों और परिवारों तक पहुंचा सकें।

विधायक ने 30 से अधिक गांवों में किया महर्षि वाल्मीकि जी को नमन

भगवान महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें सत्य, ज्ञान समानता की सेवा का देता है संदेश: सतपाल जाम्बा

प्रकटोत्सव पर महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों का किया स्मरण, वाल्मीकि समाज की चौपालों के अधूरे कार्य पूरे करवाने के लिए किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



पूंडरी। भगवान महर्षि वाल्मीकि जी को श्रद्धापूर्वक नमन करते विधायक सतपाल जाम्बा।



जींद। कार्यक्रम के दौरान मौजूद विहिप पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि



राजौंद। महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के प्रकटोत्सव दिवस के पावन अवसर पर पूंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा ने विधानसभा क्षेत्र के 30 से अधिक गांवों का दौरा कर भगवान महर्षि वाल्मीकि जी को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की तथा उनके जीवन, शिक्षाओं और आदर्शों को स्मरण किया। विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि भगवान महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें सत्य, ज्ञान, समानता, सद्भाव और मानवता की सेवा का संदेश देता है। उनके द्वारा रचित रामायण भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों का अमूल्य ग्रंथ है, जो समाज को मर्यादा, कर्तव्य और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने वाल्मीकि समाज के उत्थान, सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने पर जोर देते हुए सभी से आह्वान किया कि वे भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों एवं उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें। विधायक ने कहा कि महापुरुषों की शिक्षाएं समाज को सही दिशा दिखाती हैं। भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के विचारों को अपने जीवन में अपनाकर हम एक समरस, सशक्त और विकसित समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस दौरान विधायक सतपाल जाम्बा ने विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में वाल्मीकि समाज की चौपालों के अधूरे पड़े कार्यों को पूर्ण करवाने के उद्देश्य से अनेक कार्यों का शिलान्यास भी किया।

भाजपा कार्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई



कैथल। कपिल कमल कार्यालय में महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्पार्पित करती भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी व अन्य।

कैथल। महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर आज भाजपा जिला कार्यालय कपिल कमल, कैथल में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनके आदर्शों और समाज को दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया गया। रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि ने अपने ज्ञान, विचारों और रचनाओं के माध्यम से समाज को सत्य, सदाचार, करुणा, समानता एवं मानवता का संदेश दिया। उनका जीवन हमें सदैव अच्छे विचारों को अपनाने, समाज में सद्भाव बनाए रखने और नैतिक मूल्यों पर चलने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

भंडारे और कन्या पूजन के साथ मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

जींद। महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा एवं सेवा भाव से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। कार्यकर्ताओं ने भंडारे की व्यवस्था संभालने के साथ कन्या पूजन में भी भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके बाद आयोजित भंडारे में विहिप कार्यकर्ताओं ने स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद परोसा और व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति की प्रांत सह संयोजिका दीप्ति मित्तल ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, विचारों और आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके द्वारा रचित अमर ग्रंथ श्रीरामायण मानव समाज को सत्य, धर्म, समरसता और कर्तव्यपालन की प्रेरणा देता है। महर्षि वाल्मीकि के विचार आज भी समाज को एकजुट रखने और सेवा के मार्ग पर चलने की सीख देते हैं। विहिप जिला अध्यक्ष सुशील सिंगला ने कहा कि संगठन का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर सेवा कार्य करना है। ऐसे आयोजनों से आपसी सद्भाव और सेवा भावना को मजबूत करने का अवसर मिलता है।

महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

राजौंद। नगर में महर्षि वाल्मीकि का प्रकटोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के लोगों की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को लेकर समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कलायत विधानसभा से विधायक विकास सहारण ने शिरकत की। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया।शोभायात्रा गांव से शुरू होकर नगर की मुख्य गलियों से होती हुई निकली। इसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। श्रद्धालु महर्षि वाल्मीकि के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। महिलाओं, पुरुषों और युवाओं के साथ बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।शोभायात्रा में महर्षि वाल्मीकि के जीवन और उनकी शिक्षाओं से संबंधित झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। भगवान परशुराम सेवा दल द्वारा महाराणा प्रताप चौक पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया और सभी जलजीरा पिलाया गया। श्रद्धालुओं ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र के समक्ष नमन कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समाज के लोगों ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को सत्य, धर्म, मर्यादा और सदाचार का संदेश दिया। उनके जीवन और विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।शोभायात्रा नगर की विभिन्न मुख्य गलियों से होकर गुजरी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भजन और धार्मिक गीतों के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि का गुणगान किया। शोभायात्रा के मार्ग में लोगों ने श्रद्धालुओं के लिए पानी और प्रसाद की व्यवस्था भी की। पूरे रास्ते में धार्मिक वातावरण बना रहा। युवाओं ने शोभायात्रा की व्यवस्थाओं में सहयोग किया और यातायात को सुचारू बनाए रखने में भी योगदान दिया।समाज के लोगों ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव हर वर्ष श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है।

एसएफआई कार्यकर्ताओं ने किया शहर में प्रदर्शन

- एसआइआर रद्द करने तथा मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ता।

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआइआर) प्रक्रिया को रद्द करने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार को रानी तालाब पर स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया ने रोष प्रदर्शन किया। बीआर अंबेडकर चौक से शुरू हुआ प्रदर्शन शहर के विभिन्न मार्गों से निकाला गया। इसमें विद्यार्थियों और युवाओं ने भाग लेकर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। प्रदर्शन की अध्यक्षता एसएफआई हरियाणा के राज्य अध्यक्ष अक्षय माहला और डीवाईएफआई के जिला अध्यक्ष अजायब ने की। राज्य अध्यक्ष मुकेश कुमार ने आरोप लगाया कि एसआइआर प्रक्रिया के माध्यम से मतदाताओं के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होनी चाहिए। नए मतदाताओं के पंजीकरण से जुड़े फार्म 6 के नियमों और प्रक्रियाओं में बदलाव को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाए और कहा कि एसआइआर के तहत बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम काटे जाने से लोगों के मताधिकार पर खतरा पैदा हो रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं। राज्य सचिव नरेश दनोदा ने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए युवाओं को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि एसआइआर प्रक्रिया तत्काल रद्द किया जाए। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का तुरंत प्रभाव से इस्तीफा लिया जाए।

भारतीय योग संस्थान ने 27वें योग शंख प्रक्षालन शिविर लगाया

जुलाना। भारतीय योग संस्थान की जुलाना इकाई की ओर से एसएम इंटरनेशनल स्कूल में 27वें योग शंख प्रक्षालन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और नियमित योगाभ्यास के महत्व के बारे में जानकारी देना रहा। कार्यक्रम में संस्थान से जुड़े सदस्यों ने भाग लिया और योग की विभिन्न क्रियाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। शिविर का संचालन शमशेर सिंह, पवन कुमार तथा राजेश ढांडा ने किया। उन्होंने कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के माध्यम से प्रतिभागियों को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद मिल सकती है। आज की व्यस्त जीवनशैली में स्वस्थ रहने के लिए योग को अपनाना जरूरी है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महावीर वर्मा, विकास सिंगला, सुरेंद्र सिंह महैदिया, सहित अन्य सदस्यों ने सहयोग दिया। पवन कुमार सोनी ने कहा कि भारतीय योग संस्थान की जुलाना इकाई की ओर से समय-समय पर योग से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता है।



जुलाना। शिविर में भाग लेते लोग।

गोपियों संग श्रीकृष्ण की महारास का महोत्सव है शरद पूर्णिमा : आचार्य पवन

- माता वैष्णवी धाम में शरद पूर्णिमा पर हुआ पूजा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। शरद पूर्णिमा पर पूजा करते हुए श्रद्धालु।

आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि ब्रह्म व जीव के मधुर मिलन की पवित्र रात्रि है शरद पूर्णिमा। गोपियों संग श्रीकृष्ण की महारास का महोत्सव है शरद पूर्णिमा। शरद पूर्णिमा की पावन रात्रि में गोपियों ने प्रेम योग के बल पर श्रीकृष्ण के संग नृत्य कर उनको सहज ही में प्राप्त कर लिया था। श्रीकृष्ण के संग नृत्य ही तो महामुक्ति है और यही है भगवत्प्रेम की सर्वोच्च स्थिति। आचार्य पवन शर्मा शरद पूर्णिमा की प्रातः सोवबार को व कार्तिक महोत्सव के शुभारंभ पर माता वैष्णवी धाम में आयोजित सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष अपने प्रवचन में व्यक्त किए। आचार्य ने कहा कि श्रीकृष्ण जगत की आत्मा हैं व राधा है आत्माकारवृति और गोपियां हैं, आत्माभिमुख वृतियां। इन सभी का रमण ही महारास है। यह महारास शरद पूर्णिमा की रात्रि को घटित हुआ था। इसलिए इसे रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। गोपियां भगवान तो नहीं थी किन्तु वे भगवान से भिन्न भी नही थी। जो प्रभु सारे जगत को नचाते हैं, वही शरद पूर्णिमा की रात गोपियों के मध्य उनके प्रेम पाष में बंधे नृत्य करते हैं।

आरकेएसडी महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह

हरियाणा के माननीय राज्यपाल असीम कुमार घोष आज कैथल में

- दीक्षांत समारोह में महाविद्यालय के लगभग 200 पुरातन छात्रों (एल्युमनाई) को उनकी डिग्रियां प्रदान की जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

आरकेएसडी महाविद्यालय में 27 अक्टूबर को 35वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस गरिमामयी समारोह में हरियाणा के माननीय राज्यपाल असीम कुमार घोष मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे और मेधावी विद्यार्थियों को अपने कर-कमलों से उपाधियां वितरित करेंगे। इस विशेष दीक्षांत समारोह में महाविद्यालय के लगभग 200 पुरातन छात्रों (एल्युमनाई) को उनकी डिग्रियां प्रदान की जाएंगी।

समारोह के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान अश्वनी शोरेवाले की देखरेख में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रधान अश्वनी शोरेवाले ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय राज्यपाल का महाविद्यालय परिसर में आगमन हमारे लिए अत्यंत गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन समिति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए हमेशा संकल्पबद्ध है और यह दीक्षांत समारोह कॉलेज के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा।

समारोह की रूपरेखा और प्रबंधकीय व्यवस्थाओं को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने स्टाफ काउंसिल की मीटिंग का आयोजन किया। अपने सम्बोधन में दीक्षांत समारोह को भव्य और अनुशासनबद्ध तरीके से संपन्न कराने के लिए विभिन्न कमेटियों को दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुरातन छात्र हमारे संस्थान की रीढ़ हैं और यह बेहद गर्व का क्षण है जब 200 से अधिक पूर्व छात्र अपनी कड़ी मेहनत का प्रतिफल (उपाधि) माननीय राज्यपाल के हाथों से प्राप्त करेंगे।

महाविद्यालय प्रशासन द्वारा दीक्षांत समारोह को लेकर सुरक्षा, बैठक व्यवस्था और सांस्कृतिक प्रोटोकॉल से जुड़े सभी प्रबंध पुख्ता कर लिए गए हैं, ताकि आने वाले मेहमानों और डिग्रियां प्राप्त करने वाले पूर्व छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

स्वदेशी केवल एक आंदोलन नही बल्कि हमारी गौरवशाली संस्कृति और पारंपरिक ज्ञान का प्रतीक : सीएम ओएसडी

- स्वदेशी मेले का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। स्वदेशी मेले में पहुंचने पर सीएम ओएसडी को स्मृति चिन्ह देते हुए।

विद्यापीठ मार्ग स्थित एसडी ब्वायज स्कूल में स्थानीय स्वदेशी मेला के तीसरे दिन सोमवार को मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र सिंह बडख़ालसा द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह के तीसरे दिन के मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए ओएसडी वीरेंद्र सिंह ने स्वदेशी की महत्ता पर एक अत्यंत प्रेरक और सारगर्भित भाषण दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और वॉकल फॉर लोकल के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए स्वदेशी उत्पादों को अपनाना हर नागरिक का परम कर्तव्य है। जब तक हम अपने देश और प्रदेश में बनी वस्तुओं का गर्व से उपयोग नहीं करेंगे, तब तक हम आर्थिक रूप से पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं हो सकते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों विशेषकर युवाओं से अपील की कि वे कुटीर उद्योगों, स्थानीय कारीगरों और महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को प्राथमिकता दें, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सके। सीएम ओएसडी वीरेंद्र सिंह ने जोर देकर कहा कि स्वदेशी केवल एक आंदोलन नही बल्कि हमारी गौरवशाली संस्कृति और पारंपरिक ज्ञान का प्रतीक है।

मनोज बने जिला भट्ठा एसो. के प्रधान मनोनित

- भट्ठा पर आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए करेंगे काम : मनोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। प्रधान मनोज पंवार को फूल माला पहनाते हुए एसोसिएशन सदस्य।

जिला भट्ठा एसोसिएशन की बैठक निजी होटल में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अजीत यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जींद के प्रधान प्रवीण ढिल्लों ने समस्त कार्यकारिणी के साथ अपने पद से इस्तीफा दिया। वे लगातार नौ साल तक इस पद पर रहे और आज अपनी मर्जी से अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके बाद सर्वसम्मति से मनोज पंवार को जिला जींद का नया अध्यक्ष चुना गया। सभी ने हाथ उठाकर इसका समर्थन किया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद मनोज पवार ने कहा कि भ_ पर आ रही समस्याओं के लिए वो जोरदार तरीके से काम करेंगे और उनका हल निकालने का पूरा प्रयास करेंगे। इस मौके पर मास्टर ओमप्रकाश, सतपाल, दर्शन ढांडा, संजय शर्मा, सफीदों प्रधान नरेश कांसल, अजय कांसल, राजेंद्र गुप्ता, सुरेश नगूरां, रामनिवास चहल, संदीप, ईश्वर सिंह, बसाऊ रेढ़ू, डा. सुभाष, महावीर, जुलाना प्रधान अनूप कुंडु, राजेश सरपंच, विकास कांसल, सुरेश भारद्वाज, जयपाल ढांडा, मुकेश, वीरेंद्र गोयत, आर्यन मोर आदि भट्ठा स्वामी उपस्थित थे।

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और कानूनी कार्रवाई की मांग

दिल्ली में वोट चोरी के खिलाफ जुटेंगे 10 लाख से अधिक लोग: नीतू वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए एआईसीसी ऑब्जर्वर नीतू वर्मा।

कांग्रेस ने एक नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली वोट बचाओ, देश बचाओ मेगा रैली को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। एआईसीसी ऑब्जर्वर नीतू वर्मा ने दावा किया कि दिल्ली में होने वाली रैली में 10 लाख से अधिक लोग शामिल होंगे। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस का संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक इस मामले में जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होती। नीतू वर्मा सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय जींद में आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थीं। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष ऋषिपाल हैबतपुर ने की। इस मौके पर पूर्व मंत्री रामभज लोधर, पूर्व विधायक सुभाष देशवाल, महावीर गुप्ता, बलराम कटवाल, वजीर गंगोली, पवन दहन, राजू लखिना, विजेंद्र डाटरथ, ,दीपक पिंडारा, भट्टी आदि मौजूद रहे। बैठक में दिल्ली रैली की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई और अधिक से अधिक लोगों को साथ लेकर पहुंचने की रणनीति बनाई गई। अपने संबोधन में नीतू वर्मा ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की ओर से पिछले लंबे समय रहे आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह लड़ाई केवल किसी राजनीतिक दल तक सीमित नहीं है बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और मताधिकार की रक्षा से जुड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब देना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की जवाबदेही तय करने के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे दिल्ली रैली को जन आंदोलन का रूप देने के लिए गांव-गांव और शहर-शहर लोगों तक पहुंचें। उनके अनुसार, एक नवंबर की रैली में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस के अभियान को मजबूती देगी। उन्होंने कहा कि जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए एकजुट होकर आवाज उठाना जरूरी है।

जींद जिले से बड़ी भागीदारी जुटाने का आह्वान

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ऋषिपाल हैबतपुर ने जिलेभर के पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक लोगों को साथ लेकर दिल्ली पहुंचें। उन्होंने कहा कि रैली की सफलता के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। गांवों और शहरी क्षेत्रों में जनसंपर्क बढ़ाकर लोगों को अभियान से जोड़ना होगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005